# तीन घंटे की तेज बारिश में जयपुर की सड़कें बनी दरिया

## कालवाड़ तहसील में शाम 5 बजे तक पौने 4 इंच और जमवारामगढ़ में सवा 2 इंच बारिश दर्ज

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मानसून की एंट्री के बाद राजधानी जयपुर में तेज बारिश का दौर जारी है। सोमवार सुबह रिमझिम बारिश की बूंदों ने सूर्यदेव का स्वागत किया। दिनभर की उमस के बाद दोपहर 3 बजे एक बार फिर मौसम में बदलाव आया और करीब 3 घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे जयपुर की सड़कें देखते ही देखते दरिया बनकर बहने लगी। सड़कों पर ट्रेफिक जैसे थम सा गया। देर रात तक थम-थमकर बारिश होती रही।

कंट्रोलरूम कलेक्ट्रेट से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह से शाम 5 बजे तक कालवाड़ तहसील में सबसे ज्यादा पौने 4 इंच

- **ट्रेफिक जाम के कारण शहर की सड़कों पर देर रात तक रेंगते रहे वाहन, लोग परेशान**
- **सहकार मार्ग पर करतारपुरा नाले की पुलिया पर पानी के तेज बहाव में फंसा युवक**
- **निर्माण नगर में भी 4-5 फीट पानी भरने की शिकायत पर मानसरोवर बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मडपंप भेजा गया**




**सोमवार दोपहर 3 बजे हुई तेज बारिश से अजमेर रोड पर भारी जलभराव हो गया, इसमें से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी।** फोटो-राष्ट्रदूत

(93 मि.मी.) बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही जयपुर शहर में करीब पौने इंच (20 मिमी) और जमवारामगढ़ में सवा 2 इंच (58 मि.मी.) बारिश आंकी गई।

मौसम विभाग ने सोमवार रात करीब 9 बजे जयपुर, दौसा, अलवर भीलवाड़ा, जैसलमेर, उदयपुर, राजसमंद, जोधपुर और बाड़मेर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

जयपुर शहर को येलो अलर्ट रखते हुए हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई। इस दौरान मेघगर्जन और बिजली गिरने की संभावना भी जताई। हालांकि यह अलर्ट 3 घंटे के लिए जारी किया गया, लेकिन सोमवार को जिस प्रकार अलसुबह से मौसम बना रहा, उसे देखते हुए रात को भी बारिश की संभावना बरकरार है। बताया जा रहा है कि अलसुबह हुई बारिश का असर कालवाड़ तहसील, जमवारामगढ़ और जयपुर शहर में अच्छा-खासा देखने को मिला। सुबह जब लोग नींद से जागे तो सुहावने मौसम ने उनका स्वागत किया। हालांकि जैसे-जैसे आसमां में सूर्य की तपन बढ़ी तो उमस भी तेज हो गई। दोपहर 3 बजे अचानक मौसम में बदलाव और तेज बारिश ने शहर को भिगोया। इस दौरान अजमेर रोड, सीकर रोड, कालवाड़ रोड, सिरसी रोड, पानीपेच, कलेक्ट्री, 22 गोदाम, एम.आई.रोड, परकोटा और टोंक रोड पर सड़कों पर पानी दरिया बनकर बहता दिखा। इस दौरान ट्रैफिक जैसे थम सा गया, जैसे ही पानी उतरा तो लोग एक-साथ अपने गंतव्य की ओर निकले, इस कारण यातायात जाम ने मुश्किल बढ़ा दी।

बारिश के दौरान सहकार मार्ग पर करतारपुरा नाले की पुलिया पर पानी तेज बहाव के साथ बहने लगा। इस दौरान सड़क पार करते समय एक बाइक सवार फंस गया, जिसे स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

इसी तरह सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के रेडियो थेरेपी वार्ड में बारिश का पानी भर गया। बेसमेंट में बने इस वार्ड में हर साल थोड़ी सी बारिश में पानी भर जाता है।

हॉस्पिटल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक छतों से आ रही ड्रेनेज लाइन (पाइप) से पानी ओवरफ्लो होकर वार्ड में फैल जाता है। हर साल ये समस्या आती है। पानी को वार्ड से बाहर निकालने के लिए यहां मोटर लगाई गई है। इसी तरह निर्माण नगर में करीब 4 फीट पानी भरने के कारण मानरोवर बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मडपंप भिजवाया गया।

# 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

## आरोपी हत्या के मामले में पिछले 4 साल से फरार था

**जयपुर** । राजधानी की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर रोहित राठौड़ के दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के मामले में पिछले चार साल से फरार चल रहा था। जो सुनसान जगह पर गड्ढा खोदकर लाश गाड़ने के बाद फरार हो गया था। आरोपी पर पच्चीस हजार का इनाम भी था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्या के मामले में आरोपी शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना (25) निवासी रास पाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुरलीपुरा इलाके में हत्यारे शिव सिंह के आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने मुरलीपुरा इलाके में दबिश देकर बदमाश शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना को पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का हत्यारा शूटर रोहित राठौड़ उसका जिगरी दोस्त है। चार साल से अपने घर नहीं गया है। पिछले चार साल से फरारी काटने के दौरान वॉट्सएप कॉल कर परिजनों से बातचीत कर लेता था। जरूरत की चीजों और खाने-पीने के लिए रुपए भी मांग लेता था। पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदलने के साथ हुलिया भी बदलता रहता था। ठिकाने बदलने के चलते जो काम मिलता, उसी को कुछ दिन कर वहां से निकल लेता था। ज्यादातर रिश्तेदार और परिचितों के घर में रहकर फरारी काटी। आरोपी शिव सिंह के फरारी के दौरान शूटर रोहित राठौड़ से कॉन्टैक्ट में होने की पुलिस जांच कर रही है।

जुलाई-2021 में मनसा नगर सिरसी मोड़ निवासी शशी कुमार अग्रवाल (43) की हत्या की गई थी। उसकी लाश को सुनसान जंगल में मिट्टी खोदकर दफना दिया था।

- **सुनसान जगह पर गड्ढा खोदकर लाश गाड़ने के बाद फरार हो गया था।**
- **गिरफ्तार आरोपी राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर रोहित राठौड़ का दोस्त है।**

दरअसल 27 जुलाई 2021 की रात शशी अग्रवाल का भतीजे राज अग्रवाल से झगड़ा हो गया था। झगड़े के पीछे कारण था कि चाचा शशी अग्रवाल ने भतीजे राज की मां के नाम का टैटू अपने हाथ पर बना लिया था।

गुस्से में राज अग्रवाल ने सिर पर लोहे की रोड मारकर चाचा शशी अग्रवाल को लहूलुहान कर दिया। फिर मुंह पर थैली बांधकर, वायर से गला दबाकर हत्या कर दी थी। राज अग्रवाल ने अपने दोस्त प्रकाश अग्रवाल, शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना और नाबालिग साथी को लाश ठिकाने लगाने के लिए बुलाया था। चारों ने प्लानिंग कर वैशाली नगर आम्रपाली स्थित कृष्णा ड्राइव कार प्राइवेट लिमिटेड से स्विफ्ट डिजायर किराए पर ली। कार में लाश डालकर ठिकाने लगाने के लिए घूमने के बाद गांव नईवाल के आगे आनंद विहार जेडीए कॉलोनी के पास सुनसान जंगल में पहुंच गए।

जंगल में मिट्टी के टीले पर ले जाकर लाश को गाड़ दिया। ऐसा करते देखकर एक ग्रामीण ने गांव में बताया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपी राज अग्रवाल (20) निवासी मनसा नगर सिरसी मोड़ भांकरोटा, प्रकाश अग्रवाल (21) निवासी जसवंत नगर खातीपुरा वैशाली नगर और तीसरे नाबालिग साथी को पकड़ लिया। चौथा साथी शिव सिंह मौके से भागने में कामयाब हो गया था। ग्रामीणों ने पकड़े गए तीनों हत्यारों को भांकरोटा पुलिस के हवाले कर दिया था।

## ऑडी सवार बदमाशों ने दो भाइयों को लूटा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । 'ऑडी' कार में सवार बदमाशों ने दो सगे भाइयों को लूट लिया। लूटने से पहले दोनों के साथ मारपीट भी की। कार सवार बदमाश रुपए लूटने के बाद मौके से भाग निकले। पीड़ितों की शिकायत पर ज्योति नगर थाना पुलिस ने कार सवार बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली हैं। बदमाशों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि 7 जुलाई को करतारपुरा में रहने वाले सगे भाई मनोज कुमार, आशीष साइकिल और स्कूटी से इमली वाला फाटक की तरफ जा रहे थे। इस दौरान इमली वाला फाटक से एक ऑडी कार तेज गति में उनकी तरफ आई। दोनों भाई खुद को बचाने के लिए चिल्लाए। बदमाशों ने कार रोकी और उनसे मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान मौके से निकल रहे लोगों ने बीच बचाव किया लेकिन बदमाश युवक नहीं माने। बदमाशों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और उनकी जेब में रखे हुए 5 हजार रुपए लूट कर मौके से निकल भागे। बदमाशों ने भागने के दौरान एलानिया धमकी दी की अगर पुलिस को शिकायत की तो वह उन्हें नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद बदमाश मौके से निकल भागे। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने 100 नम्बर पर इस घटना की जानकारी दी। लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची। इससे बदमाश मौके से भाग निकले।

मौके पर पहुंची पीसीआर ने दोनों घायल युवकों को उनके घर पहुंचाया। साथ ही घायल युवकों के पिता को घटना की जानकारी दी। पुलिस आज मौके पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही हैं। जल्द ही बदमाशों की कार के नम्बर आने के बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी। शिकायत के अनुसार इस वारदात में कार में सवार चार युवक शामिल हैं। इनकी तलाश की जा रही हैं।

## सार-समाचार

### सुभाष यादव ने कार्यभार संभाला



**जयपुर** । स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा जारी आदेशनुसार सुभाष चंद यादव ने जे के लॉन हॉस्पिटल में नर्सिंग अधीक्षक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान नर्सिंग अधीक्षक नरेश कुमार सैनी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मानसिंह एवं नर्सेज नेता सोमसिंह मीना, नीरज तमोली, अशोक कुमार यादव, प्रदीप नीमरौत कमलेश और अन्य नर्सेज ने बधाई और शुभकामनाएं दी। नर्सेज ने आपस में मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

### श्मशान घाट में जीर्णोद्धार कार्य कराया



**जयपुर,** (का.सं.)। पारीक महिला परिषद द्वारा सदैव ही सामाजिक हित में कार्य किये जाते रहे हैं। इसी श्रृंखला में सांगानेर तहसील के ग्राम नानकपुरा के श्मशान घाट के जीर्णोद्धार के कार्य क्रे तहत सीमेंट की 9 बैंचे लगवाई गई, 50 पौधे परिषद के मैम्बर्स द्वारा लगाए गये। इसके अतिरिक्त पानी की सुचारु व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, सचिव, वार्ड सदस्यों के अतिरिक्त अन्य लोग उपस्थित रहे, सभी उपस्थित जन ने पारीक महिला परिषद द्वारा किये गये कार्य क्रो जनहित में बताते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर परिषद की अध्यक्ष शशि पुरोहित, महा सचिव रश्मि पारीक, कोषाध्यक्ष निशा पुरोहित, सहसचिव नीरा पांडे, चन्द्र कला पारीक, रेनू पारीक, गीता पारीक, आशा पारीक, ज्योति पुरोहित, सविता पारीक, गौरी तिवारी सीमा पारीक, कनक पारीक, पुष्पा पारीक, नीरू पारीक, आशा (बेबी ) पारीक प्रीति पारीक, निधि पारीक उपस्थित रही।

### विद्यार्थियों से रूबरू हुई डॉ. परमार

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने संयुक्त राष्ट्र प्रिंसिपल्स फॉर रिस्पॉन्सिबल मैनेजमेंट एजुकेशन जयपुर रीजनल हब का नेतृत्व करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पहल, संस्थान की नैतिकता और प्रबंधन शिक्षा में स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर है। एसपीजेआईएमआर में एसोसिएट प्रोफेसर और यूएनपीआरएमई इंडिया चैप्टर के प्रमुख डॉ. चंद्रिका परमार ने डॉ. प्रभात पंकज, निदेशक, जयपुरिया, जयपुर को प्रतिबद्धता पत्र औपचारिक रूप से सौंपा। इस अवसर पर, डॉ. परमार ने छात्रों को यूएनपीआरएमई के बारे में जानना: इंडिया चैप्टर यात्रा विषय पर संबोधित किया। इसमें प्रबंधन शिक्षा में नैतिकता और स्थिरता की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने छात्रों को सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए स्वामित्व लेने और खुद को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सत्र में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि भी शामिल थी जिसमें जयपुरिया, जयपुर के छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन का समन्वय डॉ. वरुण चोटिया और डॉ. ओम कुमारी आर. ने किया।

### हाईकोर्ट के पूर्व जज से 2 लाख रु.ठगे

**जयपुर** । राजधानी में हाईकोर्ट के पूर्व जज से 2 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने खुद को दूरसंचार अधिकारी बताकर पूर्व जज को धमकाया और दो लाख रुपए हड़प लिए। बदमाशों ने जज से कहा कि उनके नाम से सिम चल रही है, जिससे गलत ट्रांजेक्शन किए गए थे। पुलिस ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व जज केएस चौधरी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है कि 5 जुलाई को अनजान नंबर से उन्हें फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार अधिकारी राहुल तिवारी बताया और कहा कि आपका नाम से एक मोबाइल सिम चल रही है, जिससे गलत ट्रांजेक्शन किए गए है। बदमाशों ने कहा कि मुंबई में आपकी सिम चल रही है। इस पर पीड़ितकी ओर से कहा गया कि वो कभी मुंबई नहीं गए हैं और न ही कभी मुंबई में कोई सिम ली गई थी। उसके बाद बदमाशों ने कहा कि अगर आप सही कह रहे हैं तो रुपए ट्रांसफर करके देख लो, अगर आपकी बात सही हुई तो रुपए वापस आपको मिल जाएंगे। बदमाशों ने पूर्व जज को धमकाकर 2 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा। आरोपियों ने झांसा दिया कि आपका पैसा वापस खाते में आ जाएगा। इसके बाद परिवादी ने बदमाशों के बताएं अनुसार खाते में रुपए ट्रांसफर करवा दिए। उसके बाद रुपए वापस खाते में नहीं आए। ठगी का पता चलने के बाद पीड़ित पूर्व जज ने रविवार को वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के आधार पर वैशाली नगर थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ट्रांजेक्शन किए गए खातों का रिकॉर्ड खंगाल रही है।

# दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फर्मों पर कार्रवाई

## जांच में दवाओं के नमूने अमानक पाने पर फर्मों पर लगाया प्रतिबंध

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने विभिन्न पांच दवाओं के नमूने अमानक एवं 33 दवाओं की आपूर्ति नहीं किये जाने पर विभिन्न कम्पनियों को आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। जिन फर्मों के उत्पाद जाँच में फेल पाए गए हैं या औषधियां निरन्तर, निर्बाध आपूर्ति नहीं की गई। ये कंपनियां इन दवाओं के आगामी एक, दो अथवा तीन वर्ष तक टेंडर में भाग नहीं ले सकेंगी। दवाओं की गुणवत्ता एवं समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि मै. साई पैरेंट्रलस को हेपरिन सोडियम इंजेक्शनए मै. मेडीपोल फार्मास्यूटिकल को एनालाप्रिल मेलियट टेबलेट, मै. मेक्का इंडस्ट्रीज को यूरिन बैग के नमूने अमानक पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार मै. डी.डी. फार्मास्युटिकल्स को एल्प्राजोलम टेबलेट तथा मै. सन लाइफ साइंसेज को सैफूरोक्सिम एक्सेटिल टेबलेट के नमूने अमानक पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि निगम की गुणवत्ता नीति के अनुसार प्रत्येक आपूर्ति दवा के प्रत्येक बैच की गुणवत्ता जाँच निगम की अनुमोदित लैब में कराई जाती है। जाँच में खरा पाए जाने पर ही अस्पतालों में वितरण के लिए सप्लाई की जाती है। ये सभी दवायें निगम की प्रारम्भिक जाँच में अमानक पायी गयी। जिनके आगे जाँच में पुष्टि होने पर सम्बंधित सप्लायर कंपनियों के विरुद्ध उक्त कार्यवाही की गयी है।

गिरि ने बताया कि औषधियों को 22 दवा फर्मों मेसर्स यूनिसुर लाइफकेयर, सेंचुरियन रेमेडीज, डॉ. सर्जिकल, फ्लेक्सीकेयर मेडिकल इंडिया, एफी पैरेंट्रल्स, सनलाइफ साइंस, ओलकेयर लेबोरेटरीज, इंटास फार्मास्यूटिकल्स, थिओन फार्मास्यूटिकल्स, कॉसमास रिसर्च लैब, बीडीआर फार्मास्यूटिकल्स इंटरनेशनल, टेलीफ्लेक्स मेडिकल, एलर्जेन हेल्थकेयर, एडवी केमिकल, एसपी एक्योर लैब्स, अल्वेस हेल्थकेयर, एलायंस बायोटेक, इनोवा कैपटैब, एएनजी लाइफ साइंसेज, स्टैनेक्स ड्रग्स एंड केमिकल्स, जे डंकन हेल्थकेयर, मेडिपोल फार्मास्यूटिकल्स के द्वारा दवाओं की निर्बाध व निरन्तर आपूर्ति नहीं किये जाने पर 33 दवाओं की आपूर्ति के लिए निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इनके अतिरिक्त विभिन्न 6 दवाओं के लिये 5 कम्पनियों द्वारा अनुबन्ध पत्र व प्रतिभूति राशि प्रस्तुत नहीं किये जाने पर प्रतिबंधित किया गया है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि मैसर्स प्रीसाइज़ केमीफार्मा प्राइवेट लिमिटेड को लाइनज़ोलिड टैबलेट आईपी 600 मिलीग्राम, मै.ओलकेयर लैबोरेटरीज को एटोरवास्टेटिन टैबलेट आईपी 40 मिलीग्राम, मै. हेल्दी लाइफ फार्मा प्राइवेट लिमिटेड को आयरन और फोलिक एसिड शुगर कोटेड टैबलेट विद फेरस आयरन 45एमजी फोलिका एसिड आईपी 0.4 एमजी, मै. एस्टोनिया लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को पोविडोन आयोडीन सॉल्यूशन आईपी 10 प्रतिशत तथा मै. मोरपेन लैबोरेट्रीज लिमिटेड को क्लेरिथ्रोमाइसिन 250 एमजी टैब और क्लैरिथ्रोमाइसिन 500एमजी टेबलेट के लिए अनुबन्ध पत्र व प्रतिभूति राशि प्रस्तुत नहीं करने पर तीन वर्ष की अवधि के लिए डिबार व प्रतिबंधित किया गया है।

# 5 नए मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए राज्य सरकार एन.एम.सी. में अपील करेगी

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश के पांच नए मेडिकल कॉलेजों में इस वर्ष से शैक्षिणक सत्र शुरू करने के लिए राज्य सरकार राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग में अपील करेगी। साथ ही, यह प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे कि इन मेडिकल कॉलेजों में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अनुरूप सभी मानक जल्द से जल्द पूर्ण हों और इनमें शैक्षिणक सत्र प्रारम्भ किए जा सकें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश के 5 जिलों नागौर, सवाई माधोपुर, बारां, बांसवाड़ा एवं झुंझुनूं में स्थापित किए जा रहे नए मेडिकल कॉलेजों में इस वर्ष से शैक्षिणक सत्र शुरू करने के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन मेडिकल असेसमेंट एण्ड रेंटिग बोर्ड ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मापदण्डों के अनुरूप सुविधाएं नहीं होने के कारण इन मेडिकल कॉलेजों के प्रस्ताव फिलहाल अस्वीकृत किए हैं।

सिंह ने बताया कि यह मामला चिकित्सा शिक्षा विभाग के संज्ञान में है और इन मेडिकल कॉलेजों में शैक्षिणक सत्र शुरू करने के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग में अपील की जाएगी। साथ ही, इन मेडिकल

- **मापदण्डों को पूरा करने के लिए विभाग कर रहा पुरजोर प्रयास**

कॉलेजों में रही कमियों को शीघ्रता के साथ दूर करने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते इन मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक मानक पूर्ण करने में विलम्ब हुआ, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर कमियां दूर करने के प्रयास प्रक्रियाधीन हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि यह स्थिति केवल राजस्थान के मेडिकल कॉलेजों को लेकर ही नहीं है, बल्कि देशभर में नए मेडिकल कॉलेजों में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अनुसार मापदण्ड पूरा करने को लेकर ऐसी ही स्थिति सामने आई है। राज्य सरकार प्रदेश के नए मेडिकल कॉलेजों को लेकर लगातार राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के सम्पर्क में है तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से भी शैक्षिणक सत्र प्रारम्भ करने के संबंध में आग्रह किया गया है।

## दो मोबाइल लुटेरे व खरीददार गिरफ्तार

**जयपुर** । खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मोबाइल लुटेरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए सोमवार को दो शातिर मोबाइल स्नैचरों के साथ एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात के उपयोग में ली गई मोटरसाइकिल और लूट के 14 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

डीसीपी ईस्ट कावेंद्र सिंह सागर के मुताबिक चैन स्नैचर, मोबाइल स्नैचर और वाहन चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी के निर्देशन में स्पेशल टीमें गठित की गई। इसी क्रम में मालवीय नगर एसीपी आदित्य पूनिया और खोह नागोरियान थाना अधिकारी सुरेश यादव के नेतृत्व में मोबाइल स्नेचिंग के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो शातिर मोबाइल स्नैचर और लूट के मोबाइल खरीदने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 14 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। थाना अधिकारी सुरेश यादव के मुताबिक मोबाइल लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए थाने की स्पेशल टीम ने करीब 1 महीने तक मोबाइल स्नैचरों के बारे में गोपनीय सूचनाएं एकत्रित की।

# ग्रेटर महापौर और आयुक्त ने करीब आठ घंटे तक ली कार्यकारी समिति की बैठक

## समिति चेयरमैन व अधिकारियों की मौजूदगी में नाला सफाई, ओपन डिपो, डोर-डू-डोर कचरा संग्रहण, नाईट स्वीपिंग, फायर एन.ओ.सी. और पट्टा देने के नियम सरल करने पर चर्चा की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने सोमवार को करीब 8 घंटे तक कार्यकारी समिति (ई.सी.) की बैठक ली। इस मैराथन बैठक में नाला सफाई, ओपन डिपो, डोर-डू-डोर कचरा संग्रहण, नाईट स्वीपिंग, फायर एन.ओ.सी. और पट्टा जारी करने के नियम सरल करने तथा कर्मचारियों के स्थायीकरण व प्रमोशन के मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में फैसला लिया गया कि जयपुर शहर में मांस की अवैध दुकानों पर शिकंजा कसा जायेगा। मांस की दुकानों को व्यावसायिक पट्टा होने पर ही लाइसेंस मिलेगा, अगर कोई चोरी-छिपे दुकानें चलाएगा तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके साथ ही फायर एन.ओ.सी. तय समय में देने तथा आमजन को पट्टे समय पर जारी करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बताया



जा रहा है कि इस मानसून में आमजन और विकास समितियों के सहयोग से ग्रेटर निगम 11 लाख पौधे लगाएगा। बैठक में कहा गया कि मीट की दुकानों के बाहर झटका व हलाल लिखना अनिवार्य है। सफाई के सभी पैरामीटर पर कार्य किया जाना चाहिए सफाई एक सतत प्रक्रिया है। इसमें अधिकारियों, कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों के समन्वय एवं सहयोग आवश्यक है। महापौर

- **मांस की अवैध दुकानों पर शिकंजा कसने और फायर एन.ओ.सी. तय समय में देने पर फैसला लिया**
- **इस मानसून में आमजन और विकास समितियों के सहयोग से 11 लाख पौधे लगाएगा ग्रेटर निगम**

ने पट्टो के लम्बित प्रकरणों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि 30 दिन में पटटो का निस्तारण अनिवार्य होगा, इसके लिए आवेदन करने के 15 दिवस में चैकलिस्ट की पूर्ति कि जायेगी। समय पर पट्टे नहीं देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।